पर निगरानी रखना शामिल हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने मार्ग निर्देश जारी किए हैं, जिनमें अन्य बातों के साथ साथ बैंकों को अपने नियंत्रक तन्त्र को मजबूत बनाने के लिये कहा गया है, ताकि कदाचारों की सम्भावनाओं से बचा जा सके। भारतीय रिजर्व बैंक ने स्थापित एक विशेष जांच कक्ष धोखाधड़ी के बड़े मामलों पर निगरानी रखता है। भारतीय रिजर्व बैंक/बैंकों द्वारा धोखाधड़ी की प्रकृति संबंधी किये गये अध्ययनों पर आधारित उपचारात्मक कार्रवाई की जाती है/सुझाव दिये जाते हैं ताकि भविष्य में धोखाधड़ियों को रोका जा सके। बैंकों द्वारा किये गये विभिन्न निवारक उपायों से पर्याप्त सीमा तक धोखाधड़ी के मामलों का शीघ्र पता लगाने और उनकी रोकथाम करने में सफलता प्राप्त हुई है।

पंजाब में इस्पात एककों को पेश आ रही समस्याएं

896. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
डा. जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 27 नवम्बर, 1990 के "द हिन्दुस्तान टाइम्स में "पंजाब गवर्नमेंट पालिसीज हिट स्टील यूनिट्स" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इन इस्पात-निर्माताओं की वास्तविक समस्याओं के निराकरण के लिये कोई प्रयास किये हैं;

(ग) क्या सरकार आवश्यकता के अनुसार कच्चे माल, कोयला, बिजली आदि की यथेष्ट आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक कदम उठाने का विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है?

इस्पात और खान मंत्री (श्री अशोक कुमार सेन) : (क) सरकार ने इस समाचार को देख लिया है।

(ख) से (घ) इस्पात विनिर्माताओं की विशिष्ट समस्यायें जब भी कभी सरकार के ध्यान में लायी जाती हैं, उनकी जांच की जाती है और समय-समय पर उपयुक्त उपचारात्मक कार्रवाई भी की जाती है।

चिकित्सा उद्योग पर आयात नीति का प्रभाव

897. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 12 दिसम्बर, 1990 के 'द हिन्दुस्तान टाइम्स "इम्पोर्ट पालिसी इरक्स मेडिकल इण्डस्ट्रीज" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) क्या सरकार का ध्यान चिकित्सा इलैक्ट्रोनिकी उपकरणों के निर्माताओं द्वारा यथा उल्लिखित समस्याओं की ओर भी दिलाया गया है;

(ग) क्या सरकार ने निर्माताओं के प्रतिनिधियों से बातचीत द्वारा इन समस्याओं का समाधान करने के लिये कोई प्रयास किये हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री शांतिलाल पुरुषोत्तमदास पटेल) : (क) और (ख) जी, हां।

(ग) और (घ) उद्योग की समस्याओं का हल करने के प्रयास करना एक सतत प्रक्रिया है और चिकित्सा इलैक्ट्रॉनिकी उपकरणों के विनिर्माण में लगे उद्योगों द्वारा दिये गये अभ्यावेदनों पर नीति-परिवर्तन से पूर्व विचार किया जाता है।